# एनसीसी कैडेट्स को दिया फायरिंग का प्रशिक्षण

**गंगरार।** मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट ने एमएलवी राजकीय महाविद्यालय स्थित फायरिंग रेंज में फायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। एनसीसी यूनिट कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल तेजेंद्र शर्मा ने बताया कि एनसीसी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कैडेट को पहले फायरिंग की तरकीब, सुरक्षा बचाव, फायरिंग के प्रकार आदि के बारे में सिखाया गया। फायरिंग में मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार के 50 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। फायरिंग रेंज पर एएनओ लेफ्टिनेंट ताबिष अली खान, सुबेदार शैलेन्द्र सिंह, हवलदार नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



**गंगरार।** उपखण्ड क्षेत्र की मेवाड़ कॉलेज में एनसीसी कैडेट्स ने लिया फायरिंग प्रेक्टिस में भाग।

**कार्यशाला का समापन :** मेवाड़ विश्वविद्यालय के एडवान्स रिसर्च सेन्टर के तत्वाधान में चल रही चारदिवसीय शोध पत्र लेखन प्रोत्साहन कार्यशाला का समापन शनिवार को हुआ। मुख्य वक्ता इन्दौर आईआईएम के मनोज कुमार यादव ने शोध सम्बन्धी सभी समस्याओं पर गहन चर्चा की। मेवाड़ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर हरिसिंह चौहान, कार्यक्रम के संयोजक सैयद नासिर हसन और सह-संयोजक डॉ. ज्योति सिंह राघव ने विचार व्यक्त किए।

Dainik Navajyoti 12-12-2021

# एनसीसी कैडेट्स को फायरिंग प्रशिक्षण



गंगरार, 11 दिसम्बर (जसं.)। पांच राज इन्डेप कंपनी, एनसीसी भीलवाड़ा एवं मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट ने एमएलवी राजकीय महाविद्यालय स्थित फायरिंग रेंज में फायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

एनसीसी यूनिट कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल तेजेंद्र शर्मा ने बताया कि एनसीसी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कैडेट को पहले फायरिंग की तरकीब, सुरक्षा बचाव, फायरिंग के प्रकार के बारे में सिखाया गया। इसके अलावा कैडेट्स को हथियार खोलना और जोड़ना भी सिखाया गया। फायरिंग अभ्यास करके कैडेट्स काफी उत्साहित नजर आए। फायरिंग रेंज पर एएनओ लेफ्टिनेंट ताबिश अली खान, सुबेदार शैलेन्द्र सिंह, हवलदार नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे। फायरिंग में मेवाड़ विश्वविद्यालय के 50 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया।

Jannayak 12-12-2021

# एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग प्रेक्टिस की

गंगरार | मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने फायरिंग प्रेक्टिस में भाग लिया। एनसीसी यूनिट कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल तेजेंद्र शर्मा ने बताया कि एनसीसी के प्रथम एवं द्वितीय बर्ष के कैडेंट को पहले फायरिंग की तरकीब, सुरक्षा बचाव, फायरिंग के प्रकार व हथियार खोलना और जोड़ना भी सिखाया गया। फायरिंग रेंज पर एएनओ लेफ्टिनेंट ताबिश अली खान, सूबेदार शैलेन्द्र सिंह, हवलदार नरेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

Dainik Bhaskar 12-12-2021

# एनसीसी कैडेट्स ने लिया फायरिंग अभ्यास



**चित्तौड़गढ़.** पांच राज इन्डेप कंपनी, एनसीसी भीलवाड़ा एवं मेवाड़ विश्वविद्यालय के एनसीसी कैडेट ने एमएलवी राजकीय महाविद्यालय स्थित फायरिंग रेंज में फायरिंग का प्रशिक्षण प्राप्त किया। एनसीसी यूनिट कमान अधिकारी लेफ्टीनेंट कर्नल तेजेंद्र शर्मा ने बताया कि एनसीसी के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कैडेट को पहले फायरिंग की तरकीब, सुरक्षा बचाव, फायरिंग के प्रकार आदि के बारे में सिखाया गया। फायरिंग में मेवाड़ विश्वविद्यालय, गंगरार के 50 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इसके अलावा कैडेट्स को हथियार खोलना और जोड़ना भी सिखाया गया। फायरिंग अभ्यास करके कैडेट्स काफी उत्साहित नजर आए। फायरिंग रेंज पर एएनओ लेफ्टिनेंट ताबिश अली खान, सूबेदार शैलेन्द्र सिंह, हवलदार नरेश कुमार उपस्थित रहे।

Rajasthan Patrika 12-12-2021